भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2223

उत्तर देने की तारीख 04 मार्च, 2020

डाकघरों की वार्षिक आय

2223. डॉ. चन्द्र सेन जादौन:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में डाकघरों से अर्जित वार्षिक आय में रिपोर्ट की गई गिरावट का आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके परिणाम क्या हैं और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में और अधिक डाकघर खोलने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त डाकघरों को कब तक खोले जाने की संभावना है; और

(ङ) क्या उक्त जिले के डाकघरों में ग्राहकों को सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संचार, मानव संसाधन विकास तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क) चूंकि नीचे दिए गए विवरण के अनुसार पिछले 3 वित्तीय वर्षों में देश के डाकघरों से अर्जित वार्षिक आय में कोई कमी नहीं आई है, अत: ऐसे किसी आकलन की जरूरत नहीं थी। तथापि, संबंधित प्रचालन डिवीजनों द्वारा स्कीम और उत्पाद-वार आकलन तथा इनके कार्यनिष्पादनों का नियमित रूप से मूल्यांकन किया जाता है ताकि अपेक्षित परिवर्तनों को लागू किया जा सके।

(करोड़ रूपए में)

डाक प्राप्तियां	2016-17	2017-18	2018-19
	11511.00	12832.76	13195.68

(ख) समग्र गिरावट के लिए ऐसे किसी आकलन की जरूरत नहीं थी, क्योंकि कुछ पारम्परिक स्कीम जैसे फ्लैट-रेट पार्सल, एक्सप्रेस पार्सल धीरे-धीरे बंद कर दी गईं हैं। डाक विभाग बदल रहे बाजार परिदृश्य, ग्राहक की जरूरतों, औद्योगिक बेंचमार्क आदि को ध्यान में रखते हुए अपनी सेवाओं और उत्पादों की आवधिक रूप से समीक्षा करता है और डाक सेवाओं में सुधार करने के लिए सेवाओं की विशेषताओं में परिवर्तन और विभाग के राजस्व में बढ़ोतरी करने के लिए कदम उठाता है/कार्रवाई करता है। कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए व्यवस्थित तरीके से प्रौद्योगिकीय एकीकरण और अवसंरचनागत उन्नयन भी किया जा रहा है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) उपरोक्त भाग (ग) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ङ.) जी, हां। फिरोजाबाद जिले में फिरोजाबाद प्रधान डाकघर में मेल/पार्सल, बचत बैंक/बचत पत्र, पीएलआई/आरपीएलआई, सुकन्या समृद्धि योजना/प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेवाई)/ प्रधाानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई)/ अटल पेंशन योजना (एपीवाई), आधार नए/अद्यतन, वेस्टर्न यूनियन मनी ट्रांसफर सेवा, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक सेवाएं (आईपीपीबी), आधार समर्थित भुगतान सेवा, कैश ऑन डिलिवरी (सीओडी), बुकिंग अभी भुगतान बाद में (बीएनपीएल) आदि जैसी सभी प्रकार की डाक सेवाएं उपलब्ध हैं।

*****